तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 ठेकेदार ने नाली निर्माण किया बंद, गंदे पानी की बदबू से वार्डवासी परेशान



## खबर संक्षेप

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** वाहन चलाते समय अगर अपनी गाड़ी के सम्पूर्ण वैध दस्तावेज आपके पास नहीं है तो जुर्माना भरना पड़ सकता है। सरगुजा पुलिस बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों पर 24 मामले दर्ज कर उनसे 7 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में शुक्रवार की देर शाम 88 प्रकरण दर्ज कर 44 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया है। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 8 हजार 700 रुपए, मौके पर पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कुल 24 मामले में 7 हजार 200 रुपए, रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 4 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार 200 रुपए, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 5 प्रकरण दर्ज कर 25 सौ रुपए, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 3 प्रकरणों मे 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है।

### अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 सरगुजा अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें 6-प्रतापपुर के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 4 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार 7-रामानुजगंज एवं 8-सामरी के लिए कक्ष क्रमांक 02 को सुविधा केंद्र बनाया गया है जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी 4 से 6 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। आदेश में मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, रामानुजगंज एवं सामरी के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 1 एवं 2 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा।

### सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दुकानों में दी दबिश

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शहर में सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने शहर के आधा दर्जन से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबिश दी है। टीम की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। टीम की कार्रवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। बड़ी यह है कि टीम के अधिकारी फिलहाल कुछ कहने से बच रहे है। बता दें कि शुक्रवार को सेन्ट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी है। टीम ने शहर के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित आशिक इलेक्ट्रॉनिक, मनोज रेडियो की दो दुकानें, डाक घर मार्ग स्थित विनोद हार्डवेयर, जयस्तंभ चौक स्थित मनोज रेडियो की तीसरी दुकान में दबिश दी है। टीम ने बेहद गोपनीय ढंग से अपनी जांच शुरू की और दिनभर कार्रवाई की लोगों को भनक तक नहीं लग पाई। देर शाम जीएसटी की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। टीम की कार्रवाई शुक्रवार को देर रात तक जारी रही जबकि शनिवार को भी टीम की जांच जारी रही। इस दौरान दुकान के खरीद, बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही सूत्रों के अनुसार शहर में कुछ अन्य संस्थानों में भी टीम ने दबिश दी है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं कार्रवाई को लेकर अधिकारी जानकारी देने से बचते रहे ऐसे में जांच में क्या मिला है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

## दिनभर छाए रहे बादल, लोगों की सेहत पर असर

# तपिश के बीच बदला मौसम अलसुबह रिमझिम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

अप्रैल में मौसम में कई बार मिजाज बदलने के कारण बूंदाबांदी एवं बौछारे पड़ी। जाते-जाते अप्रैल में भी मौसम ने करवट बदलते रहा। शनिवार-रविवार को इसी तरह फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिला।

इस दिन सुबह होने पर आसमान में बादल छाए रहे और इसी बीच कही बूंदाबांदी तो कही इससे ज्यादा हल्की बारिश जैसी स्थिति बन गई थी, इसके कुछ घंटे बाद तेज हवा चलने लगी और तेज हवाओं के बीच बारिश की बौछार भी कई जगहों पर पड़ी। वहीं कुछ जगहों पर तेज बूंदाबांदी हुई। इसके बाद मौसम खुल गया, लेकिन दिनभर धूप-छांव की स्थिति बनती रही। आसमान में हल्के बादल छाए ही रहे, बावजूद इसके शनिवार-रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके पूर्व शुक्रवार को शाम ढलने के बाद कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई तथा कुछ क्षेत्रों में बौछार भी पड़ी थी। कई दिनों की लगातार धूप के बाद जब बूंदे सूखी धरती पर गिरी तो मिट्टी की सौंधी खुशबू बिखर गई थी। इस तरह अप्रैल महीने में समय-समय पर मौसम ने करवट बदलती रही। इसी बीच अप्रैल महीने में तापमान 40 पार होकर 42 डिग्री तक पहुंच गया था। अब कल के बाद मई का महीना शुरू हो जाएगा। मई माह में सबसे अधिक सूर्य की तपिश रहती है, ऐसे में लगातार मौसम साफ रहता है, तो धीरे-धीरे दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी और लोगों को झुलसाने वाली धूप का सामना दिन-दोपहर के समय करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि मई के महीने के अंतिम सप्ताह में ज्येठ का महीना लग जाएगा। इस दौरान ही नवतपा की शुरूआत होती है। नवतपा के दौरान सूर्य की तपिश सबसे अधिक रहती है, इसके पूर्व ही लू भी चलना शुरू हो जाता है।



सुबह हो रही रिमझिम बारिश।

### लोग हो रहे बीमार

अप्रैल महीने में आए दिन मौसम में बदलाव के असर से लोग बीमार हो रहे हैं, इसका प्रभाव बच्चों एवं बुजुर्गो में सबसे अधिक होता है, इसके अलावा कमजोर व्यक्ति मौसम के बदलाव के प्रभाव से प्रभाावित हो रहे हैं, इसके कारण अस्पतालों में ऐसे लोगों की भीड़ लग रही है। गर्मी के मौसम में धूप से बचने का उपाय नहीं करने से कई तरह के दिक्कतों का समाना करना पड़ सकता है।

# 3 सरपंच समेत 75 लोग गए भाजपा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष मोहित ने किया नेतृत्व

कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पटना के स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को आमसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर 3 सरपंच, 1 उप सरपंच, पंच समेत काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा। सभी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के आमसभा के दौरान करीब 75 की संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोगों के द्वारा भाजपा प्रवेश किया। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष व कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सरपंच, उप सरपंच, पंच सहित अन्य लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया, जिनका मुख्यमंत्री श्री साय ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में सभी का स्वागत किया। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि वे भाजपा के रीति-नीति से प्रभावित होकर ही भाजपा में प्रवेश किए और अपने साथियों को भी भाजपा में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि अब वे भाजपा के लिए निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उन्हें पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा के साथ ग्राम पंचायत आमापारा की सरपंच फुलेश्वरी पैकरा, सरपंच बरपारा विजेन्द्र लाल पैकरा, सरपंच पतरापाली श्याम बिहारी पैकरा, उप सरपंच चारपारा निर्मला पैकरा, पंच कयासो पैकरा, पंच जयकरन पैकरा, पंच अनूज दास, पंच रिकी प्रजापति, पंच जगनरायण कुर्रे, राजू प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, टिमन पैकरा, ओम प्रकाश पैकरा, पंच अशोक पैकरा, प्यारेलाल पैकरा, धीरेन्द्र यादव, महेन्द्र सिंह, बालकरन पण्डों, श्यामलाल, राजेन्द्र सारथी, अरूण पनिका, संदीप पैकरा, विशाल पैकरा, मितेय पैकरा, दीपक पैकरा, राजेश कुर्रे, सलमान सिंह, अजय सिंह, निराश यादव ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाजपा में प्रवेश किए।

इस अवसर पर कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

# अंचल में महुआ फूल की महक हुई अब कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- महुआ संग्रहण का कार्य अंतिम दौर में

महुआ फूल की महक अब कम हो गई है, इसके कारण महुआ पेड़ों के नीचे अब लोग दिखाई नहीं देने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह के अंतिम दिनों से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ जंगलों में स्थित महुआ के पेड़ों पर फूल टपकने लगे थे, जो मार्च और अप्रैल तक चला।

इस दौरान ग्रामीण परिवार महुआ फूल चुनने के लिए गांव क्षेत्र में स्थित अपने महुआ पेड़ के नीचे सुबह होने के पूर्व ही पहुंच जाते, इसके अलावा गांव से लगे जंगल क्षेत्रों में स्थित महुआ पेड़ के नीचे भोर होने के साथ ही पहुंचना शुरू कर देते थे। इस तरह अप्रैल माह के अंतिम दिन आते-आते अब महुआ के पेड़ से फूल टपकना बंद हो गया।



### जंगलों में भी महुआ पेड़ों का बंटवारा

ग्रामीण परिवारों के लिए महुआ का पेड़ काफी महत्व होता है, इसकी पूजा भी की जाती है। ग्रामीण परिवार महुआ के पेड़ों को कभी काटते नहीं है,क्योंकि प्रतिवर्ष महुआ का संग्रहण बड़ी मात्रा में करते हैं, इसके अलावा कई गांवों के लोगों के द्वारा जंगलों में जाकर महुआ फूल चुनने का कार्य करते हैं। इसमें खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के हर परिवार के पूर्वजों के द्वारा जंगलों में स्थित महुआ पेड़ों को आपस में बंटवारा कर लिए थे, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी उसी परिवार का जंगल में स्थित महुआ पेड़ पर अधिकार होता है। हर कोई अपने ही अधिकार के महुआ के पेड़ों का फूल चुनते हैं।

अब महुआ के पेड़ों पर उसके फूल नहीं बल्कि कोमल पत्तियां निकलकर आच्छादित होने लगे हैं। इस समय महुआ के पेड़ों पर नई कोपले निकल रही है और इस दौरान उसकी पत्तियां कत्थाई रंग में दिखाई दे रही है, जो आकर्षक दिखाई देती है, जिसकी ओर लोगों की नजर अनायास ही चली जाती है।

उल्लेखनीय है कि महुआ एक प्रमुख वनोपज है, जिसका संग्रहण बड़ी मात्रा में किया जाता है, इसकी सालभर मांग बनी रहती है। ज्यादातर लोग अब महुआ का शराब बनाने में उपयोग करते हैं, इसके अलावा कई परिवार ऐसे भी हैं, जो महुआ फूल को सुखाने के बाद व्यापारियों को बेचते हैं, इससे अच्छी आमदनी हो जाती है। यही कारण है कि गांव-गांव में ग्रामीण परिवार अपने घर के सदस्यों के साथ भोर होने के साथ ही महुआ पेड़ के ▶▶शेष पेज 4 पर

### 1 लाख मतदाताओं का मतदान शपथ 1 मई को

**मनेन्द्रगढ़।** 1 मई को श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त विभाग, निर्माण, उत्पादन एजेंसी, शासकीय, अशासकीय संस्था, लघु उद्योग से लेकर बड़े उद्योग में कार्यरत श्रमिकों से मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजन करने का आह्वान कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी के द्वारा किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में डी.राहुल वेंकट ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स से विशेष आग्रह किया है कि सभी व्यवसायी से समन्वय कर सामूहिक मतदान शपथ का आयोजन उनके प्रतिष्ठान में किया जाए। जिले में 1 मई को 1 लाख मतदाताओं के द्वारा शपथ लेने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए महाप्रबंधक एसईसीएल, जनपद पंचायत, मनरेगा, स्व सहायता समूह के उद्यमियों, बैंक, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय निकाय, शैक्षणिक संस्थान एवं समस्त प्रतिष्ठान के लिए जिला स्वीप समिति के द्वारा विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसी संकल्प के साथ 1 मई को 1 लाख मतदाताओं के मतदान शपथ का लक्ष्य रखा गया है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी व अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले 8 गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी व महिलाओं के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने वालों की अब खैर नहीं है। सरगुजा में सरगुजा पुलिस व साइबर की टीम सोशल मीडिया पर अपनी पैनी नजर रख रही है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है जो अश्लील वीडियो, फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे है। पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर एक नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर आठ अपराध दर्ज किए है। इसके साथ ही आरोपियों से मोबाइल फोन जब्त किए गए है।

इसी कड़ी में अब सरगुजा पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों में सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों की अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आठ प्रकरण दर्ज कर 1 नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महामाया रोड निवासी 29 वर्षीय शशांक गुप्ता, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ जशवंत पुर हाल मुकाम चौपड़ापारा निवासी 25 वर्षीय मनोज सिंह, सूरजपुर जयनगर आमगांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीयप सिंह, मणीपुर थाना अंतर्गत कबीर वार्ड निवासी 19 वर्षीय आयुष मिश्रा, सीतापुर थाना अंतर्गत रायकेरा बगीचापारा निवासी 25 वर्षीय विवेक प्रकाश लकड़ा, उदयपुर थाना अंतर्गत केदमा लालपुर निवासी 25 वर्षीय संजय लकड़ा, लुंड्रा थाना अंतर्गत खराकोना बीजापारा निवासी 25 वर्षीय इशरार अहमद व एक नाबालिग को धारा 67 (ए)67(बी), आईटीएक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) व अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

# मतदान को लेकर आमंत्रण कार्ड बांट रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेने के लिए बकायदा जनपद पंचायत बैकुंठपुर द्वारा एक आमंत्रण कार्ड के माध्यम से आम मतदाताओं को देकर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन व स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड में अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जा रही है, ताकि अधिक संख्या में 7 मई को होने लोकसभा निर्वाचन में हिस्से ले सके और मतदान शत-प्रतिशत हो सके। आमंत्रण कार्ड को बेहद आकर्षक रूप से तैयार की गई। कार्ड में 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए जिले के युवा, महिला व सभी वर्गों के मतदाताओं को भाग लेने का आग्रह किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के सीईओ अलेक्जेंडर पन्ना ने पटना में जाकर आम लोगों को यह आमंत्रण कार्ड वितरण किए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह आमंत्रण कार्ड के बारे में अपने पड़ोसियों को भी खबर करें और 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक अपने मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी करें।



आमंत्रण कार्ड बांटते अधिकारी।

### अवैध बालू लोड दो हाइवा समेत एक जेसीबी जब्त

**सीतापुर।** अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। चोरी छिपे चल रहे रेत उत्खनन कार्य के मामले में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो हाइवा व एक जेसीबी को जब्त किया है। प्रशासन की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि इन दिनों क्षेत्र में रेत के अवैध खनन एवं कारोबार तेजी से पांव पसार रहा है। अवैध कारोबार को रेत तस्कर पकड़े जाने के डर से दिन के बजाए रात को अंजाम दे रहे हैं। विकासखंड मैनपाट के तराई गांव महारानीपुर में बालू लोड दो हाइवा को प्रशासन ने जब्त किया है। इसके साथ खड़ी एक जेसीबी मशीन की भी जब्ती की गई है। दरअसल रेत कारोबारी जेसीबी के माध्यम से महारानीपुर मांड नदी से दिन में बालू भरकर रात होने का इंतजार कर रहे थे। इस बात की भनक प्रशासनिक अमले को लग गई जिसके बाद टीम प्रशासनिक मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

# 847 पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- डाक मतपत्रों से कर्मियों कर रहे हैं मतदान

सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में 847 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

विदित हो कि लोकसभा निर्वाचन के तहत कोरबा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है, इसके पहले रविवार को सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम बैकुंठपुर में दो दिवसीय पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में 28 अप्रैल को 247 पीठासीन अधिकारी, 231 मतदान अधिकारी 1, 218 मतदान अधिकारी, 2 एवं 151 मतदान अधिकारी 3 का दो दिवसीय मतदान दल वार प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगे ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में मतदान अधिकारी बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती माताओं को प्राथमिकता के साथ मतदान केन्द्र में वोट दिलवाएं। श्री लंगेह ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन के लिए सभी सावधानी पूर्वक ▶▶शेष पेज 4 पर



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव डॉ. यादव ने राजीव भवन में ली प्रेसवार्ता

# हमारा घोषणा पत्र क्रांतिकारी, मोदी सरकार केवल पूंजीपंतियों की: चंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कांग्रेस पार्टी के राष्टीय सचिव डॉ.चंदन यादव 28 अप्रैल को कोरिया जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान दोपहर 2 बजे उन्होंने बैकुंठपुर के जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों के लिए क्रांतिकारी घोषणा पत्र बनाया है।

उन्होंने कहा कि अब तक 4 लोकसभा के सीटों के रूझान से पता चल रहा है कि भाजपा बैकफुट पर है और दक्षिण में तो भाजपा साफ हो रही है, वहीं मध्य भारत में हाफ होने वाली है। डॉ.यादव ने कहा कि मोदी लोगों के अंदर भेदभाव लाने का काम किया है, भाईचारे के भाव को भाजपा ने कमजोर किया है, इसके कारण राहुल गांधी को 11 हजार किमी से अधिक की यात्रा करनी पड़ी, इससे भी पता चला कि लोगों में भेदभाव बढ़ा है। डॉ. यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने जनता के सुख दुःख को समझने, भाईचारे की भावना को बनाए रखने के लिए यात्रा निकाली। उन्होंने छग में अब तक के चरण में हुए चुनाव की स्थिति को अच्छा बताते हुए कहा कि कांग्रेस के विजय होने की संभावना बनी हुई है। डॉ. चंदन यादव ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन गरीब और अमीर के बीच में खाई बढ़ती जा रही है। अमीर और अमीर होता जा रहा है, जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पूंजीपतियों को मदद कर रहे हैं, गरीबों की उन्हें चिंता नहीं है। देश की संपदा में गरीबों की हिस्सेदारी खत्म हो रही है। मोदी केवल पूंजीपतियों को ही फायदा पहुंचा रहे हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा शासन में किसान आंदोलन करें तो उन पर कई तरह के आरोप लगाकर कार्रवाई की जाती है। सरकार से सवाल नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल 10 वर्षो में हुआ है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि इसमें हर वर्गो के लिए काम किया जाना है, कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए चुनाव में उतरी है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को उन्होंने विस्तार से बताया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, मुख्तार अहमद, शैलेन्द्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, भूपेन्द्र यादव, राजीव गुप्ता, श्रीमती संगीता राजवाडे, लक्ष्मी सिंह, गणेश राजवाड़े, सौरभ गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता के दौरान उपस्थित राष्ट्रीय सचिव समेत अन्य कांग्रेस पदाधिकारी।

### युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली युवती की पहचान राजपुर सुखरी निवासी पुरषोत्तम से वर्ष 2019 में हुई थी। इस दौरान आरोपी युवती के किराए के रूम में भी आना जाना करता था और 17 जनवरी 2021 को जब युवती कमरे में अकेली तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। वहीं आरोपी लगातार उसके साथ अनाचार करता रहा और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती द्वारा इस मामले की शिकायत 26 अप्रैल को पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सुखरी निवासी 29 वर्षीय पुरषोत्तम को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 376 (2) (एन) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।


28- APR-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/28/2024 8:11 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डगलस का खुलासा, अपने किरदार की चाहते थे खतरनाक मौत



हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी चर्चित फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की खतरनाक मौत चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मेकर्स के अनुरोध भी किया था। माइकल डगलस हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे वैश्विक स्तर पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वे मार्वल की साल 2023 में आई फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया में नजर आए थे। इस फिल्म में डॉ. हैंक पाइम की भूमिका में उन्हें काफी पसंद किया गया था। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की मौत का एक गंभीर दृश्य चाहते थे और इसके लिए उन्होंने अनुरोध भी किया था। एक बातचीत में अभिनेता ने कहा कि फिल्म के तीसरे भाग से पहले उन्होंने अपने चरित्र को मारने का अनुरोध किया था। डगलस ने कहा, ₹वास्तव में मैंने तीसरी फिल्म के ऐसा किया था। मैंने कहा था कि मैं स्पेशल इफेक्ट्स के साथ मौत चाहता हूं। कोई शानदार तरीका होना चाहिए, जहां मैं चींटी के आकार में सिकुड़ जाऊं और मुझमें विस्फोट हो जाए। कुछ भी हो जाए, लेकिन मैं उन सभी इफेक्ट्स का उपयोग करना चाहता हूं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया का निर्देशन पेटन रीड ने किया गया था। वहीं, इसे जेफ लवनेस ने लिखा था। फिल्म में पॉल रुड, इवांगेलिन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, डेविड डस्टमालचियन, कैटी ओ'ब्रायन, विलियम जैक्सन हार्पर, बिल मरे, कोरी स्टोल और मिशेल फिफर ने अभिनय किया था। डगलस ने 2015 की फिल्म एंट-मैन में हैंक पाइम की भूमिका की शुरुआत की और 2018 की एंट-मैन एंड द वास्प और 2019 की एवेंजर्सः एंडगेम में इसे फिर से निभाया। हैंक पाइम के रूप में उन्हें आखिरी बार साल 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया में देखा गया था।

### टॉलीवुड

## श्रुति -शांतनु की राहें जुदा, क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म ?




श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में ऐसी अफवाहें फैलने लगी थीं कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका करीब एक महीने से अलग रह रहे हैं। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुति और शांतनु ने अपने व्यक्तिगत हितों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाने का फैसला किया है। मुंबई स्थित असमिया कलाकार शांतनु हजारिका एक विजुअल आर्टिस्ट, वीडियो गेम डिजाइनर और चित्रकार हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा ने श्रुति का ध्यान तब खींचा जब वह अपनी किताब पर काम कर रही थीं, जिसमें उनकी कविताएं हैं। शांतनु ने पुस्तक के लिए एक चित्रकार और डिजाइनर के रूप में योगदान दिया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

काम के मोर्चे पर, श्रुति 'सालार 2' के लिए तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा, 'डेकोइट', 'टॉक्सिक' और सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' जैसी परियोजनाओं में उनके शामिल होने की अफवाहें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

## विक्रांत और ऋतु की 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज



विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कहानी कई लोगों को महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की याद दिला रही है। हालांकि, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत ने साफ कर दिया है कि इसकी कहानी पूरी तरह से फिक्शन बेस्ड है। भोजपुरी सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर मजेदार है और इसे देखकर कई लोग इसे महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की कहानी से जोड़ रहे हैं जिन्होंने अधिकारी बनने के बाद अपने पति को छोड़ दिया था।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत सिंह राजपूत एक ऐसे हसबैंड की भूमिका में हैं जिसकी पत्नी पढ़ाई कर अफसर बनना चाहती है। हालांकि परिवार के बाकी लोग उनकी पत्नी को अफसर बनाने और पढ़ाने-लिखाने के खिलाफ हैं।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म की कहानी संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है।

### लाइफ स्टाइल



**अरब का हुस्न**

मिस्त्र की पहचान पिरामिड से है और इन पिरामिड के परिदृश्य में फैशन उद्योग भी खूब पनपता रहा है। मिस्त्र की सांस्कृतिक झलक यहां के फैशन शो में देखने मिलती है। पिछले दिनों कोचर कलेक्शन के अंतर्गत इटालियन फैशन हाउस लारा मैंकिनी और अमेरिकन डिजाइनर लैक्वान स्मिथ ने मिस्त्र में यह अनूठा शो किया। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

## देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटकारा




आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि बच्चों को छोटे से घी खिलाना चाहिए, ताकि उनका शरीर मजबूत बनें। घी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को भी लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

## दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट





**फैशन**

सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट



इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है। वहीं इस सूट के साथ पेंट स्टाइल में सूट पहन सकती हैं। इस तरह के सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों को न करें नजरअंदाज, सूट लुक हो सकता है खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

### कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं।

## जंपसूट के साथ अपनाईए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी हील्सः** अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।



**मीडियम हील्स सैंडलः** अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं।


अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

### कार्नर न्यूज

**परफेक्ट लुक के लिए इस मौसम में हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं**

## गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।





**ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्सः** अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

**बैंड कॉलर शर्ट्स :** शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

**हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट :** वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

**मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट :** मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

**क्यूबन कॉलर शर्ट्सः** क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

**लीफ प्रिंट शर्ट्स :** फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

**स्ट्राइप्ड शर्ट :** स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।



28- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/28/2024 8:09 PM Page 1





# अक्षय कुमार की 4 फिल्में इस साल होंगी रिलीज़

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। आमिर या सलमान खान की तरह साल में एक नहीं बल्कि 4 से 5 फिल्में रिलीज़ कर देते हैं। हालांकि, उनकी ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाती हैं। इस साल एक्टर की चार फिल्में रिलीज़ होने जा रही हैं। 12 जुलाई को अक्षय कुमार सरफिरा में नज़र आने वाले हैं। ये तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू का हिंदी रीमेक है। अक्षय कुमार एक बार फिर मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म खेल खेल में नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 6 सितंबर को रिलीज़ होगी। स्काई फॉर्स एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने वाली है।

लाइफ Style

# मृणाल

## माता-पिता की वजह से ठुकरा दी कई फिल्में

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती हैं। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती हैं। 'जर्सी' से लेकर 'सीता रामम' और 'हाय पापा' तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है।

मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है। मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं। मृणाल का कहना है, 'मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे'।

उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, 'मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को 'न' कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी।



हॉलीवुड मसाला



# ब्रिटनी को पिता से मिली आजादी

**लॉस एंजिलिस।** ब्रिटनी स्पीयर्स हॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक हैं, जो अपने गानों से कम और विवादों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी एक्स ब्वॉयफ्रेंड पर आरोप, पति से तलाक और पिता के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर बवाल, आए दिन ब्रिटनी हेडलाइंस में अपनी जगह बना ही लेती हैं। खैर, सिंगर का एक विवाद सालों बाद आखिरकार खत्म हो गया है। ब्रिटनी स्पीयर्स का पिता जेमी स्पीयर्स के साथ 'कंजरवेटरशिप' को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ साल पहले 'कंजरवेटरशिप' खत्म होने के बाद ब्रिटनी ने दावा किया था कि उनके पिता उन्हें ड्रग्स देते हैं।



# एआई की दुनिया में जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यूं तो जेनिफर ने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन वह पहली बार साइंस फिक्शन फिल्म में अपना दमखम दिखाने जा रही हैं। जेनिफर लोपेज आगामी फिल्म 'एटलस' में एक्शन करती दिखाई देंगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ऐसा पहली बार है, जब ब्यूटी क्वीन किसी साई-फाई मूवी में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में जेनिफर का किरदार देखने लायक है। 'एटलस' के ट्रेलर की शुरुआत जेनिफर से होती है, जो एटलस शेफर्ड का किरदार निभा रही हैं। एटलस एक तेज-तर्रार डाटा एनलिस्ट है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नफरत है।



# मना किया ईशान की मां का रोल ...

**मुंबई।** धमाल और वेलकम जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को प्रीतिश नन्दी की प्रोडक्शन के तहत बन रही वेब सीरीज में रोल ऑफर हुआ था। हालांकि, खबर है कि मल्लिका शेरावत ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया है। मल्लिका शेरावत ने इस प्रोजेक्ट के लिए लुक टेस्ट भी दिया था। अब ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने रोल करने से मना कर दिया? रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत का कहना था कि अगर वो मां का रोल निभा रही हैं, वो भी ईशान खट्टर की मां तो उनका किरदार दिलचस्प होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं था। इसलिए उन्होने इस प्रोजेक्ट में काम करने से मना कर दिया। मल्लिका के पब्लिसिस्ट की मानें तो मल्लिका ने फरवरी में ही प्रोडक्शन हाउस के साथ क्रिएटिव डिफ्रेंस के चलते यह शो करने से मना कर दिया था।



# फिल्म शोले के एक्टर के बेटे हैं शरमन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। करियर के शुरुआती दौर में एक्टर को स्टाइल, एक्सक्यूज मी जैसी फिल्मों में देखा गया था। इसके अलावा 3 इडियट्स, गोलमाल, ढोल जैसी फिल्मों ने ऑडियंस को इम्प्रेस करने वाली शानदार परफॉरमेंस दी। शरमन जितना फिल्मों में एक्टिव हैं उतना ही अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टर अपने तीनों बच्चों और परिवार संग कम ही तस्वीरें शेयर करते आए हैं। प्रेम चोपड़ा के दामाद शरमन का खुद का परिवार फिल्मों से जुड़ा हुआ है। उनके पिता अरविंद जोशी गुजराती और हिंदी फिल्मों में एक्टिव रहे हैं। शोले फिल्म में ठाकुर साहब के तीन बेटों में सबसे बड़े अरविंद जोशी ही थे जिन्हें गब्बर अपनी गोलियों से भून देता है।

टीवी मसाला



# गोविंदा ने कृष्णा के बच्चों को दिया आशीर्वद

**मुंबई।** गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच पिछले करीब आठ सालों से विवाद चल रहा था। मामा-भांजा का ये खूबसूरत रिश्ता कुछ ऐसा बिगड़ा कि इतने सालों तक कोई बातचीत नहीं हुई। लेकिन आरती सिंह की शादी में गोविंदा ने बेटे यशवर्धन के साथ पहुंच कर पुरानी लड़ाई को भुलाकर फिर से रिश्ता जोड़ा है। अब इस शादी का एक खूबसूरत वीडियो सामने आया है जिसमें कश्मीरा शाह ने अपना वादा निभाते हुए गोविंदा के पैर छुए और उनसे आशीर्वाद लिया। गोविंदा ने कृष्णा के दोनों बेटों को भी प्यार और आशीर्वाद दिया जिसे देखने के बाद कश्मीरा अपने आंसू नहीं रोक पाई। कृष्णा ने अपनी बहन आरती सिंह की शादी को ग्रैंड बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। शादी में टीवी और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने चार चांद लगा दिए। शादी के वीडियो में कश्मीरा शाह मामा गोविंदा को देखते हुए उनके पैर छूती दिख रही हैं।

## मन्नारा ने जीता 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 17 के बाद से चर्चा में आईं मन्नारा चोपड़ा लगातार लाइमलाइट में बनीं रहती हैं। अब मन्नारा ने 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का खिताब अपने नाम किया है। मन्नारा चोपड़ा ने मुंबई के एक इवेंट में 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय' का पुरस्कार जीता। इसकी खबर मन्नारा ने अपने इंस्टाग्राम पर दी। मन्नारा ने अवार्ड के साथ अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मन्नारा ब्लैक कलर की ड्रेस में बेहद स्टनिंग लग रही हैं। मन्नारा के इसी पोस्ट को प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट किया है। प्रियंका चोपड़ा ने मन्नारा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "बधाई।" प्रियंका की स्टोरी को ही मन्नारा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा, "थैंक्यू दीदी, हम जब मिलेंगे तो जश्न मनाएंगे, लव यू हमेशा।" बता दें, मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस सीजन 17 का हिस्सा थीं। शो में वो सेकेंड रनरअप रहीं थीं।



# कृष्णा मुखर्जी ने सुनाई आप बीती खोली प्रोड्यूसर की पोल

**मुंबई।** कई टीवी सीरियल्स में काम कर इंडस्ट्री में अपने लिए नाम बना चुकीं एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी ने एक दर्दनाक एक्सपीरियंस का खुलासा किया है। उन्हें इस इंडस्ट्री में एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। कृष्णा ने 'नागिन 3', 'कुछ तो हैः नागिन के एक रंग में' सहित कई सीरियल्स में काम किया है। मगर उन्हें पहचान 'ये है मोहब्बतें' से मिली। हाल ही में कृष्णा ने 'शुभ शगुन' के सेट पर उनके साथ किए गए गलत व्यवहार का खुलासा किया है। कृष्णा मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया है कि वह पिछले डेढ़ साल से काफी कुछ झेल रही हैं। उनके साथ 'शुभ शगुन' के सेट



पर काफी कुछ ऐसा हुआ, जिसके बारे में बात करने की उनमें हिम्मत नहीं थी, लेकिन अब वह इस बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब उनकी हेल्थ ठीक नहीं थी, तो उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया गया था। उन्हें प्रोड्यूसर्स से धमकी मिली, जिस कारण वह बोलने से डरती रहीं। दोबारा ऐसी चीज न हो, इसके डर से वह नए प्रोजेक्ट साइन करने से बच रही हैं।



# प्रियंका को शुरुआत में मिला था रिजेक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उन घटनाओं को याद किया जब उन्हें फिल्मों में रोल नहीं मिलते थे। इस पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स को हैंडल करना आसान नहीं होता है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक बार उन्हें फिल्म में कास्ट नहीं किया गया था क्योंकि उनकी जगह किसी की गर्लफ्रेंड को कास्ट कर लिया गया था। पॉडकास्ट 'रीड द रूम' में उन्होंने कहा कि रिजेक्शन्स से डील करना बहुत मुश्किल होता है। खासकर वैलिडेशन पर मिलने वाली नौकरियों में। उन्होंने कहा कि कितने लोग आपकी मूवी देखने आ रहे हैं या आपके डायरेक्टर को आपका काम कैसा लगा या आपका कास्टिंग एजेंट आपके बारे में क्या सोच रहा है, यह सब सब्जेक्टिव होता है। ऐसे में रिजक्शन्स हैंडल करना आसान नहीं होता है।

## लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं

# बड़े सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

***मुंबई।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।*



### प्रियंका चोपड़ा


सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।



### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ठोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।

### राजकुमार राव



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उनहोंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।



**खबर संक्षेप**



उत्पात मचाते बंदर।

## कोरिया कॉलरी मे बंदरों का उत्पात बढ़ा

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में बीते लंबे समय से बंदरों का तांडव जारी है। महज कुछ ही सालों में ही इनके संख्या में भारी इजाफा हुआ है। यहां काले और लाल मूंह वाले प्रजाति की बंदरों की टोली है, लिहाजा अब इनके आतंकी रवैए से यहां के रहवासी पूरी तरह से तंग हो चुके हैं, मगर स्थानीय स्तर से लेकर उच्च शासकीय स्तर और न तो वन विभाग तक कोई भी निजात दिलाने को लेकर कदम नहीं उठाया। आज भले ही बंदरों के रवैए को हल्के में लेकर नजर अंदाज किया जा रहा है, मगर आने वाले दिनों में ये बेहद खूंखार होता दिख रहा है। कोरिया कॉलरी के आज की हालत को देखे तो मोहल्ले के अंदर लोगों के घर के छत, दीवारों और यहां तक की घर के अंदर घुस कर उत्पात मचाया जा रहा और खाने के सामानों को तहस-नहस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर से बाहर निकलना पड़े तो पूरे तरफ के दरवाजे को पूरी तरह से बंद करना मजबूरी बन गई है। यहां तक कि राह चलते लोग इन बंदरों के झूंड से सतर्क रह कर आना-जाना कर रहे हैं। होटलों से लेकर किराना दुकानों तक इनका उत्पात सुबह से जारी रहता है । दुकान में लगी शेड छप्पर को बर्बाद कर दीवारों की ईंट उखाड़ रहे हैं। तस्वीरों से साफ है कि किस कदर इन बंदरों का दल लोगों के घर के सामने मंडराता रहता है।



बैठक में उपस्थित प्रादेशिक सचिव व अन्य।

## सशिमं को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने हुई बैठक

**बैकुण्ठपुर।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर कचहरीपारा में रविवार को विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छग के प्रादेशिक सचिव विवेक कुमार सक्सेना का प्रवास हुआ। श्री सक्सेना द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के उद्देश्य से विद्यालय के समस्त आचार्यो एवं समिति के सदस्यों के साथ अलग-अलग बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय का बाह्य आवरण आकर्षक होने व आवश्यकतानुसार पर्याप्त भौतिक संसाधन होने पर ही विद्यालय समाज के आकर्षण का केन्द्र बन सकेगा, जो समिति की सक्रियता से ही संभव होगा। बैठक में विद्यालय व्यवस्था समिति के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष भानू पाल, सचिव शैलेष शिवहरे, सह सचिव श्रीमती शैल सिंह, सम्मानीय सदस्य सुभाष चंद्र साहू, माधव प्रसाद अग्रवाल सहित विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

## वर्षो से फरार 444 वारंटियों को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे के निर्देश लंबे समय से फरार स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की पुलिस ने 444 वारंटियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस के हत्थे चढ़े वारंटी लंबे समय से फरार थे। आज पुलिस ने सभी वारंटियों के न्यायालय पेश किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में जिले के थाना व चौकी की पुलिस टीम द्वारा 16 मार्च से 27 अप्रैल के बीच अब तक कुल 444 वारंटियों को पकड़ा है। जिनमें 123 स्थाई व 321 गिरफ्तारी वारंटी शामिल है। पुलिस टीम ने वारंटियों को जिले सहित दिगर जिलों से पकड़ा है। पकडे गए कई वारंटी वर्षो से फरार चल रहे थे जिसके विरूद्ध गंभीर अपराध सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था।

## वर्षो से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**बिश्रामपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा अपराधों की रोकथाम के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशानुसार पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने शनिवार को धारा 420, 34 के मामले में वर्षो से फरार स्थाई वारंटी छेदी गिरी उर्फ खिरमिट निवासी ग्राम बिशुनपुर थाना सीतापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस द्वारा इन दिनों स्थायी व गिरफ्तारी वारंट तामील कराने का कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है ,इसके तहत कई वारंटीयों को अब तक गिरफ्तार किया जा चूका है।

## बीएससी प्रथम वर्ष अंग्रेजी आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा निरस्त, 11 मई को फिर होगी परीक्षा

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने बीएससी प्रथम वर्ष अंग्रेजी विषय के आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा में तीन यूनिट के प्रश्न बाहर के पूछे जाने के मामले में परीक्षा को निरस्त कर दिया है तथा अधिसूचना जारी कर आधार पाठ्यक्रम के अंग्रेजी विषय की परीक्षा की तिथि 11 मई निर्धारित की है।

### पार्षद व नागरिकों ने जताया विरोध, लगाए लापरवाही के आरोप

# ठेकेदार ने नाली निर्माण किया बंद, गंदे पानी की बदबू से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ठेकेदार व नगर पंचायत की लापरवाही से क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और अब उसमें भरे गंदे पानी के कारण लोग बदबू से परेशान है। शिकायत के बाद भी समस्या का निवारण नहीं होने पर आज क्षेत्र के पार्षद व वार्डवासियों ने नाली के सामने खड़े होकर नाक बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं इस मामले में अधिकारी जल्द ही काम प्रारंभ कराने की बात कह रहे है। बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 4 में पटेल चौक से लेकर बाजार रोड तक 60 मीटर नाली निर्माण का कार्य नगर पंचायत द्वारा कराया का रहा है।

वार्डवासियों द्वारा जाम पड़ी नाली के कारण होने वाली समस्याओं को लेकर शिकायत की गई थी। कलेक्टर से शिकायत के बाद 15 माह पूर्व ले आउट लेकर नाली निर्माण का कार्य शुरू किया गया लेकिन ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही के कारण इतने लंबे समय के बाद भी महज 60 मीटर नाली का काम पूरा नही किया गया। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदने के बाद काम बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही निर्माणाधीन नाली में लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी निकल रहा है लेकिन काम अधूरा होने के कारण पानी नाली में ही जाम है और जाम नाली में गंदे पानी के कारण क्षेत्र के लोग दुर्गंध से परेशान है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर वार्डवासियों द्वारा आज पार्षद पूरनचंद जायसवाल के नेतृत्व में नाली के सामने नाक बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वार्ड वासियों का कहना है कि सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार के सुस्त रवैया के कारण नाली का काम पूर्ण नहीं हुआ और अधूरी नाली की गंदगी व बदबू से वार्ड वासी परेशान है।

नाली में गंदगी रहने से हैजा व अन्य बीमारी होने की भी आशंका है। वार्ड वासियों ने जल्द से जल्द नाली का निर्माण कराकर नाली के गड्ढे में गंदा मलबा व बदबू को साफ करने व जल्द से जल्द नाली निर्माण पूर्ण करने की मांग की है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सोनी, राहुल भारती, राजू सोनी, पंकज शर्मा, मोजिम अंसारी आदि मौजूद थे।



बदबू से परेशान होते वार्डवासी।

### शिकायत के बाद भी नहीं सुनवाई

वार्ड में विगत एक वर्ष से नाली की स्थिति खराब है। कलेक्टर, एसडीएम से शिकायत के बाद काम चालू हुआ था लेकिन फिर अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही से काम बन्द पड़ा है। हमने आज भी लगातार 20 बार फ़ॉर कर अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन अधिकारी जवाब नहीं दे रहे है। 15 दिनों से काम बन्द पड़ा है। शासन को सीएमओ पर कार्रवाई करने कर उनका वेतन रोकना चाहिए तभी व्यवस्था में सुधार होगा।

-**पूरनचंद जायसवाल**, पार्षद

### दिए गए है निर्देश

नाली निर्माण कार्यादेश जारी नहीं हुआ है। कलेक्टर के निर्देश पर कार्य प्रारंभ किया गया है। ठेकेदार को निर्देशित काम जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देश दिए गए है। शादी सीजन के कारण मजदूर नहीं आ रहे हैं एक-दो दिन के अंदर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

-**राजेश कुशवाहा**
सीएमओ नगर पंचायत राजपुर




वीडियो कॉल से बात करते कलेक्टर।

# कलेक्टर ने वीडियो कॉल करके वर्षा से की बात

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग गांव, कस्बा, शहर व दूरस्थ मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाताओं को 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। रविवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन विनय कुमार लंगेह ने जिले से अन्य प्रदेश में काम करने गए लोगों से वीडियो कॉल करके कोरिया आने का आमंत्रण करते हुए मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए आग्रह भी की। ग्राम पंचायत जूनापारा निवासी वर्षा प्रजापति जो बेगूसराय बिहार के होटल में कार्य कर रही है, उनसे बात करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपील की कि 7 मई को होने वाले मतदान में जरूर भाग लें और यहां शत-प्रतिशत मतदान का हिस्सा बने। कलेक्टर श्री लंगेह ने वीडियो कॉल पर बात कर उनसे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व पर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अवश्य अपने घर आने को कहा, जिससे वे यहां अपना अमूल्य वोट दे सकें।

इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम अमरपुर निवासी राम कुमार से छत्तीसगढ़ी में कहा कि आप ल अपन माटी के मान बढ़ाना हे, एखर खातिर मुंबई ले वोट डारे बर इहां जरूर आहू। मतदाता राम कुमार ने भी मुंबई से आकर वोट देने की सहमति दी है। कलेक्टर श्री लंगेह एवं सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जान पहचान व पड़ोसियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह के मार्गदर्शन में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**ठेकेदार ने पैसे बचाने के उद्देश्य से बनवाई फर्जी बैंक गारंटी**

# एसईसीएल के टेंडर में लगाए गए फर्जी बैंक गारंटी के दस्तावेज

- कम्पनी के सिविल विभाग द्वारा बुलाया गया था टेंडर, स्टेट बैंक बिश्रामपुर शाखा ने टीडीआर दस्तावेज के फर्जी होने की पुष्टि की

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सिविल विभाग से निकाले गए टेंडर में एक ठेकेदार द्वारा फर्जी बैंक गारंटी दस्तावेज जमा करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है।चार दिनों पूर्व मामला संज्ञान में आने के बाद भी अब तक एसईसीएल प्रबंधन और बैंक प्रबंधन ने मामले को लेकर ठेकेदार के खिलाफ पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।बताया गया कि एसईसीएल के सिविल विभाग से पिछले दिनों डे टुडे मेंटनेंस ऑफ सीआईएसएफ कैम्प एंड मेन मैगजीन का टेंडर निकाला गया था, उक्त कार्य आदित्य कंस्ट्रक्शन को एल वन के आधार पर प्राप्त हुआ था।उक्त टेंडर में विभाग के पास ठेकेदार को वर्क आर्डर से पूर्व दो लाख तीस हजार की बैंक गारंटी जमा करनी थी,खबर है कि सम्बंधित ठेकेदार ने भारतीय स्टेट बैंक से फर्जीवाड़ा कर दो लाख तीस हजार की फर्जी टीडीआर राशि जमा करा दी।प्राप्त जानकारी अनुसार टर्म डिपाजिट की रसीद एसबीआई बिश्रामपुर शाखा से जारी हुई है जो विधिवत सामान्य फिक्स डिपाजिट रसीद की तरह कम्प्यूटर प्रिंटेड है,भारी भरकम राशि होने से और रसीद में कुछ शंका होने पर एस ई सीएल के वित्त विभाग के अधिकारी ने उक्त टर्म डिपॉजिट रसीद को सत्यापन के लिए एसबीआई बिश्रामपुर ब्रांच भेज दिया।इसके बाद बैंक प्रबंधन की जांच व रिकॉर्ड मिलान के बाद उक्त टीडीआर की पावती फर्जी पाई गई है, ऐसे में स्टेट बैंक ने उक्त रसीद के फर्जी होने का जवाबी पत्र में उल्लेख करते हुए एसईसीएल प्रबंधन को वापस भेज दिया है।आरोप है कि घटना के खुलासे के चार दिन बाद भी एसईसीएल प्रबंधन और एसबीआई प्रबंधन नें बैंक गारंटी के फर्जी दस्तावेज जमा करने वाले ठेकेदार के खिलाफ अब तक पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।

मामले में एसईसीएल बिश्रामपुर के स्टॉफ ऑफिसर सिविल थंगराज ने बताया कि आदित्य कंस्ट्रक्शन के प्रोपराईटर ठेकेदार राजकिशोर द्वारा दो लाख तीस हजार का एसबीआई का फर्जी टीडीआर जमा कराया गया था, शंका होने पर वित्त अधिकारी ने जांच के लिए एसबीआई बिश्रामपुर ब्रान्च भेजा गया जिसमें स्टेट बैंक की शाखा नें टीडीआर के फर्जी होने की पुष्टि की है।

### नहीं मिली है कोई शिकायत

इस सम्बन्ध में टीआई बिश्रामपुर अलरिक लकड़ा ने बताया कि फर्जी टीडीआर के दस्तावेज जमा करने के विषय में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, शिकायत प्राप्त होने पश्चात जांच प्रारम्भ कराई जाएगी।

## वोट देना आपका अधिकार और जिम्मेदारी : रमेश

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एमसीबी द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मनेन्द्रगढ़ में संचालित संस्था आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन द्वारा बीते 1 सप्ताह से विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता कैम्प लगाकर गांव के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को बुंदेली गांव में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुंदेली हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखे हुए तख्ती रखकर जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाकर सात मई को बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक रमेश सोनी ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, जो हमें संविधान प्रदत है। एक सशक्त राष्ट के निर्माण में हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना केवल शासन प्रशासन का काम नहीं बल्कि हम सबका भी दायित्व है कि हम अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि सबकी सहभागिता से हम शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकें। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सह संचालक संजू सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्था द्वारा गांव-गांव में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा बुंदेली गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई है।

# विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

हाथी प्रभावित कई ग्रामों में विद्युत अव्यवस्था से आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाए जाने के बाद भी व्यवस्था सुदृढ़ न होने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रवासी अब जल्द ही व्यवस्था में सुधार न होने पर बनारस हाइवे पर चक्काजाम कर उग्र आंदोलन की बात कह रहे हैं।



गौरतलब है कि करवां विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले कई ग्रामों में पिछले कुछ महीनों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था काफी बदहाल हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति में लंबे समय तक कटौती रहने व विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिस वजह से आमजन को भीषण गर्मी में जहां एक ओर झुलसने विवश होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर सिंचाई के अभाव में कृषि कार्य भी काफी प्रभावित हो रहा है। ग्राम पंचायत सोनगरा व आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को अघोषित बिजली कटौती से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त गांवों हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं, जिससे विद्युत अव्यवस्था की वजह से आमजन में हमेशा किसी अनहोनी का भय बना रहता है। बताया जा रहा है कि सोनगरा बाजारपारा मेन विद्युत ट्रान्सफर से जितनी भी सप्लाई है, सभी लो वोल्टेज की समस्या से पीड़ित हैं।ग्रामीणों का कहना है कि उक्त अव्यवस्था से निजात दिलाए जाने हेतु कई बार विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर किसी ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा है। अधिकारियों की उदासीनता से नाराज होकर विद्युत अव्यवस्था से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा अब अंबिकापुर-बनारस हाइवे पर चक्काजाम कर उग्र आंदोलन करने की बात कही जा रही है।

# जमीन विवाद पर ग्रामीण की हत्या, भतीजे सहित रिश्तेदार ने किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशियों को पानी दे रहे ग्रामीण को उसके रिश्तेदारों ने जमीन हथियाने की बात को लेकर न सिर्फ विवाद किया बल्कि लात मुक्का सहित टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम करवां निवासी प्रयाग टेकाम आ. रमन्टि (50 वर्ष) गत दिन दोपहर घर के समीप अपने मवेशियों को पानी दे रहा था। इसी दौरान भतीजा राजकुमार सहित रिश्तेदार राजू, सुनेति प्रमिला मौके पर पहुंचे और जमीन हथिया लेने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि सभी ने मिलकर प्रयाग की लात मुक्का व टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। इसी बीच घटना को देख नातिन पुष्पा ने शोर मचाकर परिजन को घटना की जानकारी दी। नातिन के शोर मचाने पर पत्नी मौके पर पहुंच बीच बचाव करने लगी तो उसके रिश्तेदारों ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया। इसी बीच दंपति किसी तरह भाग कर घर पहुंचे तो आरोपियों ने दोनो का पीछा करते हुए घर में घूस प्रयाग की बेदम पिटाई कर दी जिससे प्रयाग मौके पर ही अचेत हो गया। आरोपियों के चले जाने के बाद परिजन घायल को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

## युवती का अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया में किया अपलोड, आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** नगर की एक युवती के फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो को फेसबुक की स्टोरी में अपलोड करके वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि नगर के एक युवती के फोटो को एडिट करके अश्लील फोटो तैयार करके अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेसबुक के स्टोरी में 24 अप्रैल को अपलोड कर दिया गया था। मामले में उक्त अज्ञात व्यक्ति के फेसबुक के स्टोरी का अश्लील फोटो देखकर परिजन द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 509 (ख), 67 ए आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




## पेज 1 का शेष

### अंचल में महुआ...

नीचे पहुंच जाते हैं और दोपहर तक महुआ चुनने का कार्य करते रहते हैं। महुआ फूल का व्यापार अच्छी आमदनी वाला व्यापार है ,क्योंकि इसकी मांग बराबर बनी रहती है।

महुआ फूल के बाद होगी डोरी की बारी-

महुआ के पेड़ से उसका फूल तो बड़ी मात्रा में मिलता ही है, उसके कुछ माह बाद उसका फल भी बड़ी मात्रा में मिलता है। महुआ फल को डोरी कहा जाता है, जिसका संग्रहण भी ग्रामीण परिवार करते हैं। बरसात के समय में महुआ के पेड़ों पर डोरी फल लगते हैं, जिसे भी संग्रहित किया जाता है, जिसका उपयोग कई परिवार के लोग तेल निकालने में करते हैं,जो खाने के साथ अन्य कार्यो में उपयोग किया जाता है, वहीं कई परिवार डोरी फल के गिरी को निकाल कर बाजारों में अच्छे दामों में विक्रय करते हैं। इस तरह महुआ पेड़ से दोहरी लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलता है।

### 847 पीठासीन व ...

प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं से सहानुभूतिपूर्वक बातचीत करें, व्यवहार में किसी भी प्रकार की गुस्सा, क्रोध न दिखे और न ही किसी से करें। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मतदान समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक है। ऐसे में मतदान अधिकारी एक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे मतदाताओं के नाम मिलाते समय सावधानी के साथ तेज गति के साथ कार्य संपन्न करें, ताकि समय पर मतदान हो सके।

**सुविधा केन्द्र में मतदान-** निर्वाचन कार्यों से संबंद्ध अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्र में मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है। 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक इन सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्रों से मतदान कार्य किया जाएगा।

